मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा


अगला अंक...
गुड़ी पाड़वा विशेषांक
संपर्क करें
छोटेलाल शर्मा - 9819862172
अनिल शर्मा - 9833329721
नेहा सिंह - 9324798242
स्पर्श देसाई - 9321429375

वर्ष - 11 अंक -28 मुंबई, सोमवार, दिनांक ०१ अप्रैल से ०७ अप्रैल २०२४ पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

## क्राइम ब्रांच पुलिस ने मांगी 10 लाख की रिश्वत

### काशीमीरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज



**भयंदर :** एक आरोपी की जमानत के लिए उसके भाई से 10 लाख की रिश्वत मांगने के आरोप में अपराध शाखा-1 के सहायक पुलिस निरीक्षक के खिलाफ काशीमीरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस भ्रष्ट पुलिस वाले का नाम कैलास टोकले है। मामला ठाणे के रिश्वत निरोधक विभाग द्वारा दायर एक शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है।

वादी होम गार्ड फोर्स में कार्यरत है और भयंदर में रहता है। वादी के भाई को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं. मामले की जांच अपराध शाखा 1 टीम के सहायक पुलिस निरीक्षक कैलास टोकले (41) ने की। इस मामले में वादी के भाई की जमानत कराने और आरोपी के पक्ष में दस्तावेज तैयार करने के लिए टोकले ने 10 लाख की रिश्वत मांगी थी. इस संबंध में शिकायतकर्ता ने ठाणे के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत दर्ज कराई। इसके मुताबिक जाल बिछाने और रिश्वत मांगने की बातचीत रिकॉर्ड हो गई. लेकिन वह नहीं आये क्योंकि टोकले को रिश्वत की रकम लेते समय संदेह हो गया था. हालांकि, रिश्वत मांगने के सबूतों के आधार पर टोकले के खिलाफ बुधवार देर रात काशीमीरा पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (अनुसंधान 2018) की धारा 7 के तहत ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर नितिन थोराट ने दी जानकारी.

## एक दिन में तीन करोड़ से ज्यादा टैक्स जमा, पनवेल नगर निगम के खजाने में अब तक 333 करोड़ रुपए

**पनवेल:** पनवेल नगर निगम के सैकड़ों करदाता मार्च के अंत तक अतिदेय कर का भुगतान करने पर जुमार्ना से बचने के लिए संपत्ति कर का भुगतान कर रहे हैं और गुरुवार को नगर पालिका के खजाने में तीन करोड़ से अधिक कर जमा हो गया है. नगर निगम प्रशासन ने बताया कि यह अब तक की सबसे अधिक वसूली है।

मार्च माह में वित्तीय वर्ष समाप्त होने के कारण करदाता टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक 333 करोड़ संपत्ति कर संग्रह किया गया है। नगर पालिका द्वारा कर वसूली के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बदौलत यह वसूली प्रभावी ढंग से हो रही है। पनवेल नगर निगम में साढ़े तीन लाख करदाता हैं और उनका संपत्ति कर संग्रह बकाया है। सिडको के औद्योगिक एस्टेट और आवासीय क्षेत्रों से अब तक 333 करोड़ रुपये एकत्र किए गए हैं। इसमें नगर पालिका के जनसंपर्क विभाग ने प्रमुखता से यह खबर प्रकाशित की थी कि रु. इसी खारघर कॉलोनी की एक सामाजिक संस्था (खारघर फोरम) ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. याचिका पर अब तक फैसला नहीं होने से करदाता असमंजस में हैं। तत्कालीन मनपा आयुक्त गणेश देशमुख ने करदाताओं से टैक्स चुकाने की अपील की है.

हाईकोर्ट ने टैक्स कम करने या माफ करने पर अगले वित्तीय वर्ष में निवासियों द्वारा भुगतान की गई टैक्स राशि वापस करने का वादा किया है।



### अब तक 450 से अधिक जब्ती पूर्व नोटिस

**नगरपालिका प्रशासन ने अब तक विभिन्न नोड्स में बकाया संपत्ति के मालिकों को 450 से अधिक पूर्व-जब्ती नोटिस और 16 वारंट नोटिस वितरित किए हैं, यह मानते हुए कि बकाया कर की राशि के बिना नगरपालिका में विकास संभव नहीं है। इस बीच, संपत्ति कर का भुगतान न करने पर दोषी करदाताओं के लिए जुमार्ना हर महीने 2 प्रतिशत बढ़ रहा है।**

## ड्रग फैक्टरी का भंडाफोड... 252 करोड़ रुपये का मेफेड्रोन जब्त !

**मुंबई:** पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. क्राइम ब्रांच ने एक अवैध ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है. यह फैक्टरी मेफेड्रोन बनाने के लिए अस्थायी कारखाने के तौर पर काम कर रही थी. यहां से 252 करोड़ रुपये का मेफेड्रोन जब्त की. बताया जा रहा है कि 5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की मेफेड्रोन और अन्य सिंथेटिक दवाएं भी जब्त की गईं. यहां पिछले 8 महीनों से काम चल रहा था और किसी को भी इसकी जानकारी नहीं थी. मौके से पुलिस ने एक महिला हिस्ट्रीशीटर, ड्रग तस्कर समेत चार लोगों को अरेस्ट किया. ड्रग तस्कर की कीमत लगभग 7 करोड़ रुपये मूल्य की 3.6 किलोग्राम मेपेहड्रोन के साथ पकड़ा. मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 7 टीम ने 25 मार्च को जिले के कवटेमहाकल तालुका के इरली गांव में छापा मारा था. क्राइम ब्रांच के डीसीपी दत्ता नलवाडे ने बताया कि कुल जब्ती 252 करोड़ रुपये से अधिक है. पुलिस ने बताया कि मेफेड्रोन के अलावा सोने के गहने, नकदी और एक लग्जरी कार भी मिली. पुलिस ने बताया कि अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि यह ड्रग्स देश के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई की जाती थी.



## अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नवी मुंबई से पांच बांग्लादेशी नागरिकों को वैध दस्तावेजों के बिना देश में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एटीएस की विक्रोली इकाई (मुंबई) द्वारा शुक्रवार को घनसोली में दो स्थानों पर एक अभियान चलाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, 'एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एटीएस ने पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया, जो वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे। उन्हें घनसोली में जनाई 'कंपाउंड' और शिवाजी तलाव के पास से पकड़ा गया।' उन्होंने बताया कि आरोपी ए. जमाल शेख (22), रेबुल समद शेख (40), रोनी सोरिफुल खान (25), जुलु बिलाल शरीफ (28) और मोहम्मद मुनीर मोहम्मद सिराज मुल्ला (49), बांग्लादेश के दो जिलों के रहने वाले थे और नवी मुंबई में राजमिस्त्री के रूप में कार्यरत थे। अधिकारी ने कहा कि एटीएस से जुड़े एक पुलिस उप-निरीक्षक द्वारा दर्ज करायी गई शिकायत के बाद उन्हें विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियम, 1950 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि नवी मुंबई की रबाले पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की।

## पालघर जिले में शादी की जिद करने पर लिव-इन पार्टनर की हत्या !

## आरोपी प्रेमी बंगाल से गिरफ्तार...




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 22 वर्षीय एक महिला की उसके 'लिव-इन पार्टनर' ने गला घोंटकर हत्या कर दी, क्योंकि वह उससे शादी करने की जिद कर रही थी। पुलिस ने कुछ दिन बाद आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि 15 मार्च को पालघर जिले के दहानू शहर में किराए के एक कमरे में महिला का क्षत-विक्षत शव पाए जाने के बाद इस अपराध के बारे में जानकारी मिली। पुलिस अधिकारी ने कहा कि 26 वर्षीय आरोपी मिनाजुद्दीन अब्दुल अजीज मुल्ला उर्फ रवींद्र रेड्डी को 22 मार्च को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया गया था, जहां वह और पीड़िता रहते थे। शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए, जिला पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने कहा, ''महिला, अनीशा बरस्ता खातून 15 मार्च को दहानू की एक चॉल में स्थित एक कमरे में मृत पाई गई थी, जहां वह अपने 'लिव-इन पार्टनर' के साथ रहती थी।'' उन्होंने कहा, जल्द ही पुलिस उपाधीक्षक (दहानू डिवीजन) अंकिता कंसे की अगुवाई में एक पुलिस टीम का गठन किया गया, जो जांच का नेतृत्व कर रही थी।

अन्य अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी मुल्ला पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और उसने दहानू में किराये पर कमरा लेने के लिए अपना नाम रवींद्र रेड्डी रखा और यह दिखावा किया कि पीड़िता उसकी पत्नी है। उन्होंने कहा कि यह अपराध तब सामने आया जब पड़ोसियों ने कमरे से दुर्गंध आने की शिकायत की और मालिक को सूचित किया। कमरे के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर मालिक ने दरवाजा खोला और उन्हें अंदर महिला का क्षत-विक्षत शव पड़ा हुआ मिला। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित कर दिया। आरोपियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए दहानू पुलिस थाने की एक टीम को पश्चिम बंगाल भेजा गया था। उन्होंने कहा कि सात दिनों के लगातार प्रयासों के बाद, उन्होंने 22 मार्च की सुबह मुल्ला को पकड़ लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज शिरसाट ने कहा कि आरोपी ने पीड़िता की हत्या इसलिए की क्योंकि वह उससे शादी करने की जिद कर रही थी।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के बाद पालघर की एक अदालत ने मुल्ला को दो अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

## अनिल शर्मा ने न्यू फाइनेंस इयर पर सभी व्यापारियों को दी शुभकामनाएं



**मुंबई,** अनिल शर्मा मुंबई ने दी सभी व्यापारी बंधु, व उद्योग जगत से जुड़े सभी बिजनेस मैन को दी न्यू फाइनेंस इयर 2024 2025 की शुभकामनाएं और कहा देश के व्यापारी बंधुओ का देश के आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में इतना महत्व है जितना की शरीर में रीड की हड्डी की महत्व हैं। इस लिए देश के सभी व्यापारी बंधुओ को न्यू फाइनेंस इयर के उज्जवल भविष्य की कामना की और अपनी व्यापार डबल ले जाए ताकि देश के समस्त समाज का सर्वांगीण विकास और तेजी से हो।

## संस्था द्वारा दिया गया जरूरतमंदों को ब्लड




**जौनपुर,** दिनांक 27. 3.2024 को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के संरक्षक व सह प्रभारी भदोही श्री पन्नालाल शर्मा जी (चौधरी) के चाचा जवाहर शर्मा जी का तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा ब्लड की मांग की गई जैसे ही संस्था अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्र शर्मा जी को यह जानकारी मिली तुरंत श्रीराम मेमोरियल कंपोनेंट सेंटर में डॉक्टर शैलेश शर्मा से बात करके एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी व स्वजातीयबंधुओं की तरफ से ईश्वर से कामना करते हैं कि बाबूजी जल्द से जल्द स्वस्थ होकर अपनों के बीच में आए!मनोज कुमार शर्मा संस्था प्रधान महासचिव भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति.



संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# चुनाव प्रचार अभियान

आगामी संसदीय चुनाव प्रचार अभियान में महिलाएं केंद्रीय भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। हर राजनीतिक दल महिलाओं को लेकर चुनावी वादे कर रहा है जो देश के कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में करीब आधी हैं। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस लगातार महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए एक किस्म की होड़ में नजर आए हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जहां महिलाओं पर केंद्रित व्यापक स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य कार्यक्रमों की शुरूआत की है, वहीं कांग्रेस ने नारी न्याय योजना की पेशकश की है जिसके तहत महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये डाले जाएंगे और केंद्र सरकार की सभी नौकरियों में उन्हें 50 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। ऐसे बढ़ाचढ़ाकर किए गए वादे किस हद तक पूरे हो सकते हैं यह एक बड़ा सवाल है लेकिन यह देखना विचित्र है कि सभी दल राजनीतिक बयानबाजी में इतने आगे निकल चुके हैं। पिछले वर्ष संसद के विशेष सत्र में 106वां संशोधन अधिनियम पारित होने के बाद यह विषय खासतौर पर विवादास्पद हो गया है। इसे महिला आरक्षण विधेयक के नाम से जाना जाता है जिसके तहत 15 वर्षों तक महिलाओं को संसद में 33 फीसदी आरक्षण देने की बात कही गई है। चूंकि यह प्रावधान परिसीमन के बाद लागू होगा इसलिए सभी राजनीतिक दलों के पास पर्याप्त समय है कि वे इसके लिए अपनी चुनावी सूची तैयार कर सकें। इसके बावजूद राजनीतिक दल महिलाओं के मुद्दों पर दिखावा ही करते हैं और इसकी एक बानगी यह है कि किसी प्रमुख राजनीतिक दल ने अपनी पार्टी उम्मीदवारों की सूची में अब तक महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया है।

इस होड़ में भाजपा आगे है और 25 मार्च तक उसने जितने उम्मीदवार घोषित किए हैं उनमें 17 फीसदी महिलाएं हैं। अब तक 66 महिला उम्मीदवारों के साथ पार्टी ने लैंगिक आधार पर अपना प्रदर्शन सुधारा है। साल 2014 में उसके 428 उम्मीदवारों में से 38 महिलाएं थीं, 2019 में यह आंकड़ा सुधरकर 436 में से 55 हुआ। कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची बताती है कि उसने अब तक 12 फीसदी महिलाओं को टिकट दिया है। सबसे अधिक चकित करने वाली सूची तृणमूल कांग्रेस की है। पार्टी ने पश्चिम बंगाल की 42 सीटों में से 12 पर महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। बहरहाल, कुल मिलाकर भले ही आंकड़े हतोत्साहित करने वाले हों लेकिन ये 2019 के आम चुनाव की तुलना में बेहतर रहने वाले हैं जब कुल प्रत्याशियों में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 9 फीसदी थी। पिछली लोक सभा में 78 महिलाएं चुन कर आई थीं जो कुल सदस्यों का 14.3 फीसदी था। इसके बावजूद यह देश के आम चुनावों के इतिहास में महिलाओं की सबसे बड़ी संख्या थी। चरणबद्ध तरीके से हो रहा स्थिर सुधार उत्साहित करने वाला है लेकिन ये आंकड़े बताते हैं कि महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद राजनीतिक दलों को तेजी से प्रयास करने होंगे। इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन (आईपीयू) के अनुसार फिलहाल भारत संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के 26.9 फीसदी के वैश्विक औसत से काफी पीछे है। आईपीयू की संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी की ताजा मासिक वैश्विक रैंकिंग में भारत 184 देशों में से 144वें स्थान पर है। कॉर्पोरेट बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हालांकि कम है लेकिन इसमें सुधार हुआ है। 2019 के 15 फीसदी के बजाय अब 20 फीसदी महिलाएं कंपनियों के बोर्ड में हैं।

परंतु संसद तथा राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी करने के लिए सभी दलों को महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर खास ध्यान देना होगा। संसद ने कानून पारित कर दिया है और यह समय आने पर प्रभावी हो जाएगा लेकिन 2024 के लोक सभा चुनाव में इसे लेकर प्रतिबद्धता दर्शाई जा सकती थी।

# स्वयंसेवी संस्था ने अग्नि पीड़ित परिवार की हाल-चाल लेते हुए की आर्थिक मदद



**कदम कदम पर संवाददाता**

**प्रतापगढ़** - जिले के रखहा बाजार के निकट बीरमऊ माधव निवासी विकास शर्मा के यहां बीते मंगलवार की रात 11:30 बजे लगी आग में गृहस्थी के समान सहित अन्य कई चीजे जलकर राख हो गई थी, सूचना मिलने पर स्वयंसेवी संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ) एवं नई उम्मीद फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हाल-चाल लिया और आर्थिक मदद की।

बताते चलें कि विकास शर्मा एक सामाजिक व्यक्ति हैं और जब यह बात सोशल मीडिया पर आई तो सामाजिक कार्यकताओं ने बीरमऊ माधव पहुंचकर मौके का आकलन किया।

मौके पर पहुंचने वालों में एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, उपाध्यक्ष व जनपद प्रभारी प्रतापगढ़ रंजीत शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष प्रतापगढ़ अरविंद कुमार उर्फ पंडित शर्मा, हरिश्चंद्र शर्मा फौजी साहब, राम कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, ठाकुर प्रसाद शर्मा एवं नई उम्मीद फाउंडेशन महाराष्ट्र के संरक्षक एवं भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के मुख्य सचिव शैलेंद्र शर्मा जौनपुर उपस्थित आदि रहे।

# कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न मिलने पर नाई समाज के लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर खुशियां मनाई




**कदम कदम पर संवाददाता**

**मिजार्पुर** - सामाजिक न्याय के महान अग्रदूत जननायक कर्पूरीठाकुर जी को भारत सरकार द्वारा भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने पर अखिल भारतीय हिंदू नाई समाज मिजार्पुर के लोगों ने मिजार्पुर स्थित लोहंडी नाई धर्मशाला में होली मिलन एवं परिचय सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित करके बड़े धूमधाम से मनाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एम. डब्लू. ओ. के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कार्यक्रम आयोजक नगर अध्यक्ष मोनू शर्मा व उनके तमाम पदाधिकारियों को बधाई देते हुए भारत सरकार का आभार प्रकट किया, अपने बातों को रखते हुए कहा कि सामाजिक न्याय को मजबूती प्रदान करने के लिए संपूर्ण भारत में कर्पूरीफामूर्ला लागू हो तभी इस देश के शोषित वंचितों दमित पीड़ितों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ा जा सकता है यही असल में जननायक को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि रहे युवा समाजसेवी प्रयागराज नीरज शर्मा ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए सभी लोगों को एक प्लेटफार्म पर आना होगा। अति विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध गायक उद्घोषक संजय शर्मा प्रयागराज इस रंगारंग कार्यक्रम में गायक संजय शर्मा समेत कई कलाकारों ने अपने गीतों से से कार्यक्रम में समाबांधा संजय शर्मा ने नाई समाज की चेतना को जागृत करते हुए अपने गीत के माध्यम से झकझोरते हुए कहा कि ह्लनाई समाज के सुनो युवाओं होता यूं कल्याण,एक रहो और नेक रहो तो होगा फिर उद्धार,और वही जनपद की गायिका कीर्ति पाठक गया होलिया में उड़ेला गुलाल, गयिका संध्या दुबे ने गया गणेश वंदना से ही प्रस्तुति किया। कार्यक्रम को एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रंजीत शर्मा, कार्यकारणी सदस्य विजय शर्मा, जिला अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, हरिशंकर शर्मा जिला महामंत्री जिला वस्तु मंत्री बलराम शर्मा नगर अध्यक्ष मोनू शर्मा जनपद कोषाध्यक्ष विजय शंकर शर्मा, डाक्टर सतीश शर्मा, अशोक शर्मा, पीएचडी स्कॉलर प्रदीप शर्मा,जनपद उपाध्यक्ष रामदयाल शर्मा, विजय कुमार शर्मा राम और धर्मशाला में उपस्थित रहे। ब्लॉक छियानवे ब्लॉक शिखर ब्लॉक पहाड़ी ब्लाक मजावा ब्लॉक लालगंज ब्लाक हलिया ब्लाक सिटी और ग्रामीण ब्लॉक ब्लॉकों के साथ-साथ उपस्थित रहे धर्मशाला में सैकड़ो बुजुर्ग और युवाओं समेत नाई समाज के लोग कार्यक्रम के समाप्ति पर जिला महामंत्री और कार्यक्रम संचालक हरिशंकर शर्मा जी ने जताया सभी अपने स्वजाति बंधुओ का आभार किया।

# अखिल भारतीय सविता महासंघ के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर मनाया होली

**मुंबई,** दिनाक 31मार्च 2024 को अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण ने राष्ट्रीय कार्यालय भांडुप में जे पी शर्मा के नेतृत्व में होली स्नेह मिलन समारोह एक दूसरे को रंग लगाकर मनाया होली सभी कार्यकर्ता गण ने महामंत्री अशोक ने अपने मधुर आवाज में होली गीत गा कर लोगों का मन मोह लिए और उनके साथ में सभी लोगो ने गीत और रह लगाकर मनाया होली।



# शोक संदेश



**भदोही,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजिस्टर्ड के संगठन मंत्री भदोही माननीय राजेश शर्मा जी की माता जी का देहांत दिनांक 29 मार्च 2024 को हो गया जिसमें संस्था के समस्त पदाधिकारी उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे और साथ में जाकर के उनके अंतिम संस्कार में वाराणसी मणिकड़िया घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया और ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि माता जी की आत्मा जहां भी हो ईश्वर उन्हें शांति प्रदान करें और सभी पदाधिकारी ने वहां पर दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना किये जिसमें संस्था अध्यक्ष माननीय दिनेश चंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष अवधेश शर्मा संस्था संरक्षक प्रेम शंकर शर्मा संगठन मंत्री राजेश शर्मा प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा भदोही जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा व समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित रहे , मुंबई से अनिल शर्मा ने भी माताजी को दी श्रद्धांजलि।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# 32 वर्षीय स्व संतोष शर्मा की श्रद्धांजलि सभा कर मृत्यूभोज का किया बहिष्कार

**रामपुर,** 28/03/2024 को जनपद- जौनपुर (उत्तर प्रदेश ) के मडियाहू क्षेत्र के ग्राम पंचायत- जीतापुर (बडेडु आ) मे भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जौनपुर के सघर्षशील साथी, समाज के प्रति समर्पित, उजार्वान, रक्तदानी नौजवान बेटा , स्वर्गीय संतोष कुमार शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा का दिनांक 23/03/24 को अचानक ह्दय की गति रुक जाने से इन्तकाल हो गया था । इस ह्दय विदारक घटना की जानकारी प्राप्त होते ही जौनपुर, भदोही, अमेठी,सुल्तानपुर, वाराणसी जनपदो के सम्मानित पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि सभा मे शामिल होने के लिए पैतृक निवास स्थान - जीतापुर बहेढुआ पहुँचे और सभी बन्धुओ ने स्वर्गीय संतोष कुमार शर्मा जी की फोटो पर दो पुष्प चढांकर श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से मृतक आत्मा के प्रति प्रार्थना किया कि श्री चरणो मे स्थान दे । शोकाकुल परिवार





के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर पदाधिकारियो ने मृत्यूभोज का बहिष्कार किया । भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जौनपुर के संस्था अध्यक्ष श्री दिनेश चन्द शर्मा जी ने परिवार की दयनीय दशा को देख कर संगठन की तरफ से शोकाकुल परिवार को 10,000/ (दस हजार रुपए) की आर्थिक सहायता भी प्रदान किया । इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से एम डब्लू ओ (उत्तर प्रदेश) के श्री घनशयाम शर्मा (प्रदेश अध्यक्ष), श्री शिवदयाल शर्मा ( प्रदेश महासचिव ), श्री रंजीत कुमार शर्मा (प्रान्तीय उपाध्यक्ष), श्री दिनेश कुमार शर्मा (जिला सचिव अमेठी), श्री शिव कुमार शर्मा (जिला संगठनमंत्री अमेठी ), श्री बिजय कुमार शर्मा ( प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), श्री हनुमान प्रसाद शर्मा (जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर ), श्री दुर्गेश कुमार शर्मा (जिला महासचिव सुल्तानपुर) के अलावा श्री कैलाश शर्मा (जिलाध्यक्ष भदोही), श्री राजेश कुमार शर्मा (जिला संगठनमंत्री भदोही ), के साथ- साथ जनपद के सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे । इस दुख की बेला मे सम्पूर्ण समाज शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है । इस कार्यक्रम मे उपस्थित संगठन के सभी सम्मानित बन्धुओ का मै शिवदयाल शर्मा एम डब्लू ओ प्रान्तीय कमेटी की तरफ से हार्दिक आभार व्यक्त करते है ।

ाजय नन्द। आपका अपना मनोज कुमार शर्मा प्रधान महासचिव भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति

# होली आपसी प्रेम और सौहार्द का त्यौहार - पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद

## समसपुर गांव में भारतीय किसान मोर्चा का हुआ होली मिलन समारोह

( शिवा शर्मा )

**चुनार।** होली पर्व के उपलक्ष्य मे रविवार की शाम भारतीय किसान मोर्चा के तत्वाधान में समसपुर गांव में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष चुनार मंसूर अहमद उपस्थित रहे।समारोह में उपस्थित लोगों को होली की शुभकामना देते हुए पालिकाध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी प्रेम और सौहार्द का पर्व है इसे आपस में मिल जुलकर मनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ब्रह्मदेव उपाध्याय ने किसान मोर्चा को आवश्यकतानुसार हर संभव मदद देने की बात कही।



चुनार के समसपुर गांव में भारतीय किसान मोर्चा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मंचासीन मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष व अन्य विशिष्ट अतिथिजन।

समारोह मे मौजूद तमाम वक्ताओं ने किसानों की समस्या और उसके निदान के लिए विस्तृत चर्चा करते हुए हर संभव मदद करने के लिए किसानों को आगे बढकर सहयोग का आवाह्न किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर समाज में एकता अखण्डता और गंगा जमुनी तहजीब का संदेश दिया। इस दौरान मोर्चा के संरक्षक मुन्ना चौबे, प्रवक्ता जनार्दन त्रिपाठी, पूर्व ग्राम प्रधान योगेश पाण्डेय, ग्राम प्रधान कृष्णपाल सिंह, शिवानी साहनी, रत्नेश चौबे, अशोक कुमार पाल, सतीश चौबे काशी विद्यापीठ के प्रवक्ता चन्द्रशेखर सिंह, शरद कुशवाहा आदि सहित बडी.संख्या मे किसान मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन राजकुमार ने किया।

# उत्तर भारतीय सेवा मंडल, भांडुप का होली स्नेह सम्मेलन संपन्न

**मुंबई-** उत्तर भारतीय सेवा मंडल,भांडुप का होली स्नेह सम्मेलन मंडल कार्यालय गांव देवी रोड,भांडुप पर धूमधाम से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंगला शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जय बजरंग एकता मानस मंडल के कलाकारों राम आसरे तिवारी, अवधेश शुक्ल ने फगुआ चैता, बेलवरिया गीतों के माध्यम से सभी का भरपूर मनोरंजन किया।



इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह,डॉ.सचिन सिंह (महासचिव उत्तर भारतीय सेल महाराष्ट्र कांग्रेस),संतोष विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ मुंबई कांग्रेस),कन्हैयालाल गुप्ता (अध्यक्ष रा.कां.पा.मुलुंड),अजय पटेल (ब्लाक अध्यक्ष भांडुप कांग्रेस),संदीप मांजरेकर, बाबुलाल गुप्ता, सुशील सिंह,सुधाकर मिश्र,राकेश शुक्ल, बृजमोहन यादव,श्रीराम दूबे,विनय त्रिपाठी, काशीनाथ मिश्र, सर्वेश दूबे, एड.अश्विनी सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सभी का अंगवस्त्र,अबीर,गुलाल लगाकर एवम ठंडई पिलाकर एड. रविन्द्र सिंह (अध्यक्ष) एवम मंगला शुक्ला ने स्वागत किया।

# नवी मुंबई में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जब्त किए नकली नोट



**ठाणे:** नवी मुंबई पुलिस ने दो व्यक्तियों के पास से 13.5 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम को नियमित निगरानी के दौरान नेरुल इलाके में एक मंदिर के पास से 13.5 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त किए गए। उनके अनुसार, इन नोट चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया, फुल ऑफ फन'' लिखा था। उन्होंने कहा कि ये नोट महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के दिनेश यशवंत धवल (39) और झारखंड के हजारीबाग के शंभुकुमार प्रभुदयाल शर्मा (32) के पास मिले। उन्होंने बताया कि दोनों वर्तमान में नवी मुंबई में रह रहे थे।

# बीएमसी कॉन्ट्रेक्टर को लूटा!

## "काम के लिए देना होगा हफ्ता"

**मुंबई : चूनाभट्टी पुलिस ने बीएमसी कॉन्ट्रेक्टर से उगाही और लुटपाट करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बीएमसी कॉन्ट्रेक्टर ने पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए पाइप लाकर रखा था।**



आरोपियों ने पाइप भी चुरा लाये और कॉन्ट्रेक्टर को धमकाकर उसके जेब से जबरन पैसे भी निकाल लिए। चूनाभट्टी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम आकाश खंडागले, उमेश मारुति फालने, राकेश उर्फ पिंटया रमेश राणे, सुधीर बेटकर और ऋषिकेष भोवाल है। आरोपी ने शिकायतकर्ता को धमकी दी कि उसे पानी की पाइप लाइन के काम के लिए पिंट्या भाई उर्फ फलेभाई के गिरोह को हफ्ता देना होगा, लेकिन उसने फिरौती देने से मना कर दिया। तब शिकायतकर्ता को चाकू दिखाकर उनके जेब से दो हजार रुपये निकालकर मारने की धमकी दी। उनके कार्यस्थल से जबरन पाइप हटाया और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। पाईप इतना बड़ा है कि उसे करें से उठाया जाता था। पुलिस को शक है कि आरोपी ने पाइप लेजाकर बेच डियक होगा। जिसकी जांच चूनाभट्टी पुलिस ककर रही है। मामले में आईपीसी की धारा 392, 387, 504, 506 (2), 34 समेत 37 (1) (ए), 135 मुंबई पुलिस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त, जोन 6 हेमराज सिंह राजपूत और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, चूनाभट्टी पुलिस स्टेशन, अंकुश गायकवाड़ के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम ने जाल बिछाया और दो घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ लिया गया। मामले की अधिक जांच डिटेक्शन अधिकारी नवनाथ काले कर रहे हैं।

# पूर्व मंत्री नवाब मलिक की तबीयत बिगड़ी

## सांस लेने में दिक्कत आने के बाद अस्पताल में कराया गया भर्ती



**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की तबीयत बिगड़ने की बात सामने आई है। पूर्व मंत्री को सांस लेने में कठिनाई की शिकायत के बाद कुर्ला के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बात की जानकारी उनकी बेटी ने दी है। बता दें कि इससे पहले भी नवाब मलिक की तबीयत खराब होने की खबर सामने आई थी।

**मेडिकल आधार पर मिली थी अंतरिम जमानत**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता नवाब मलिक को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम जमानत भी मेडिकल आधार पर मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत छह महीने के लिए बढ़ा दी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल एसवी राजू के इस पर आपत्ति नहीं जताई थी।

# बारामती सीट पर सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव में उतरीं सुनेत्रा पवार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव की सियासी लड़ाई अब मजेदार हो गई है. राज्य की बारामती सीट पर अब ननद और भौजाई के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा.



शनिवार को एनसीपी शरद पवार गुट और अजित पवार गुट ने बारामती सीट पर अपने-अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है. शरद पवार गुट ने सीट पर सुप्रिया सुले को टिकट दिया है. वहीं, अजित पवार गुट ने सुनेत्रा पवार को मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया. सुप्रिया सुले शरद पवार की बेटी हैं जबकि सुनेत्रा पवार डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं. शरद पवार गुट ने आज अपने लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की. इस सूची में शरद पवार ने पांच सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है. बारामती से सुप्रिया सुले और शिरूर से अमोल कोल्हे का नाम घोषित किया है. वर्धा से अमर काले और डिंडोरी से भास्कर भागरे तथा अहमदनगर से नीलेश लंका को लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है.










# श्री राधे कृष्ण संस्थान (रजि.) मुंबई द्वारा आयोजित होली स्नेह सम्मेलन एवं संगीतमय होली गीत का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न




**मुंबई**,संवाददाता द्वारा श्री राधे कृष्ण संस्थान (रजि.) मुंबई द्वारा आयोजित होली स्नेह सम्मेलन एवं संगीतमय होली गीत का रंगारंग कार्यक्रम मुंबई के उपनगर भाड़ुंप में होली स्नेह सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमे लोगों की सपरिवार और मित्रगण की उपस्थिति रही थी।

कार्यक्रम तारीख रविवार, 31 मार्च,शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक हुआ था। यह कार्यक्रम श्रद्धा एवोकें, 60 फीट रोड, मदन कॉटेज, तुलशेतपाड़ा, भांडुप (प), मुंबई में संपन्न हुआ था। ऐसा आयोजक समिति के एस के तिवारी,गुलाबधर दुबे, सदाशिव चतुर्वेदी, मंगला प्रसाद मिश्रा, विनोद कुमार दुबे, धर्मेंद्र मिश्रा,डी. एन. मिश्रा, प्रदीप पाठक, कन्हैया लाल शर्मा,रविंद्र सिंह (शिक्षक),संजय तिवारी,बाबुलनाथ दुबे,ओ पी सिंह,सर्वेश दुबे, हीरालाल पाल,मुन्ना शर्मा एवंम समस्त श्री राधे कृष्ण संस्थान परिवार ने कहा था। शुभेच्छुक गणेश अमीन ने कदमकदमपर अखबार को यह बताया था कि इस कार्यक्रम में यहां के लोकसभा के उम्मीदवार कोटेचा साहब के साथ दूसरें गणमान्य लोगों का शाल और बूके से सम्मान किया गया था। इस कार्यक्रम के बाहर से पधारे गायक, गायिका ने फागून संबंधित गाने गाएं थे। सब को होली का टिका लगाया गया था और सब पर फूलों की पंखुड़ियों की बोछार की गई थी। इस कार्यक्रम में दूसरे पत्रकार एके पांडेय के साथ अखबार कदमकदमपर के प्रधान संपादक छोटेलाल शर्मा, संवाददाता नेहासिंह और पत्रकार स्पर्श देसाई का भी भावभरा सम्मान शाल और बूके से किया गया था।

# मुलुंड में होली मिलन समारोह

## हिंदी सामाजिक संस्था व यूपी वरवधू सूचक का कार्यक्रम





**मुलुंड.** मुलुंड पश्चिम लायंस क्लब ग्राउंड में हिंदी - सामाजिक संस्था व यूपी वरवधू सूचक के तत्वावधान में धूमधाम से होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की अवधी-पूर्वांचल और भोजपुरी संस्कृति कार्यक्रम किया गया. दीपक सुहाना ने अपनी टीम रागिनी प्रजापति और मुकेश त्रिपाठी ने लोकगीत गायन कर लोगों खूब थिरकाया. समारोह में समाजसेवी, राजनीतिक, प्रशासनिक सहित कई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए. आयोजन में हिंदी सामाजिक संस्था के संस्थापक संतोष तिवारी, अध्यक्ष अविनाश पाण्डेय, अधिवक्ता संतोष दुबे, मनीष पाठक, अखिलेश सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस दौरान सासंद मनोज कोटक, आचार्य पवन त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, संजय मिश्रा, मनीष तिवारी, ब्रिजमोहन मूंदड़ा, बद्री पांडेय, संजय शुक्ला, जगदीश शेट्टी, प्रकाश गंगाधरे, समिता कांबले, संदीप शुक्ला, कविता सिंह आदि उपस्थित हुए। पांडे के साथ अखबार के कदम-कदम पेपर के प्रधान संपादक छोटेलाल शर्मा संवाददाता नेहा सिंह और पत्रकार स्पर्श देसाई के भी सम्मान साल और बुके देकर किया गया, अन्य अतिथि लोग उपस्थित हुए।



# गीता सोनी राष्ट्रीय श्रम संस्थान से सम्मानित

**बिलासपुर।** वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान नोएडा में सामाजिक सुरक्षा पर आयोजित प्रशिक्षण प्रोग्राम में सफलतापूर्वक भागीदारी के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय मजदूर संघ की गीता सोनी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान नोएडा के डायरेक्टर जनरल डॉ अरविन्द ने यह प्रमाण पत्र प्रदान किया। गौरतलब है कि जांजगीर निवासी गीता सोनी भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ की छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश प्रभारी हैं। गीता सोनी मजदूरों के उज्वल भविष्य के लिए एक अरसे से सक्रिय हैं।



# आपसी प्रेम का प्रतिक है होली का त्योहार - महादेव शंकर शिवगन

**मुंबई:** होली का त्योहार आपसी प्रेम और आपसी भाईचारा का प्रतिक है। भाजपा चेम्बूर के पूर्व नगर सेवक महादेव शंकर शिवगन सिंधी कैंप कलेक्टर कॉलोनी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी वल्लभ जवेरी के आवास पर आयोजित होली स्नेह सम्मेलन में बोल रहे थे।उन्होंने यह भी कहा कि होली का पर्व देश भर में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है।क्या बच्चे क्या बूढ़े औरत हो या पुरुष सब एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं।शहर से गांव तक के बच्चों का मन होली के रंग में डूब जाता है। वल्लभ जवेरी की असली पहचान सामाजिक कार्यों से होती है।चेम्बूर सिंधी कैंप का चेटीचंद का मेला और राष्ट्रीय कवि सम्मेलन को भला कैसे भूल सकते हैं।भाजपा के साथ ही सामाजिक कार्यों में काफी रुचि रखते हैं इसलिए चेम्बूर परिसर में इनका बहुत आदर और सम्मान होता है।इस साल मोदी की बदौलत अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण हो गया है।अब हम सब मोदी परिवार एक साथ मिलकर अबकी बार चार सौ पार मोदी के नारा को हकीकत में बदलने का काम करेंगें।

वल्लभ जवेरी ने होली उत्सव के समापन पर आगंतुक अतिथिओं का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम की रूप रेखा हमने नही बल्कि महादेव शिगवन ने बनाया था।हमने इनके आदेश का पालन करने का काम किया है।



कार्यक्रम में मधु जवेरी,धर्मेन्द्र भारद्वाज, किसन दांगट, दगडू खंदारे के अलावा स्थानिक सैकड़ों गणमान्य नागरिक होली उत्सव में सम्मिलित होकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार कपिलदेव खरवार ने अपने पिता गायक मनन खरवार के गाये होली गीत,फगुआ अपनी मधुर आवाज में सुनाकर सभी को होली के रंग में रंग डाला।

**(फोटो : कपिलदेव खरवार)**

# शिवसेना (उद्धव गट) शाखा क्र. १५१ में शाखा प्रमुख पंडरीनाथ अम्बेडकर ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**महाराष्ट्र के अराध्यदैवत छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर कुर्ला (पूर्व) ठक्कर बाप्पा कॉलोनी में शिवसेना (उद्धव गट) शाखा क्रमांक १५१ में शाखा प्रमुख पंडरीनाथ अम्बेडकर ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर शिवसेना नेता भाऊ कोरगावकर ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पण किया।सतीश बेलमकर मित्र मंडल के अध्यक्ष सतीश बेलमकर समाज सेविका शिल्पा बेलमकर,जगदीश कुरड़िया और पंडरीनाथ अम्बेडकर भी तस्वीर में दिखाई दे रहे हैं। (फोटो:कपिलदेव खरवार)**

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com

CMYK